आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 01.12.2025
समय 1305

पहले मुख्य समाचार :–

- देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पांच प्रस्ताव पारित।
- अपर सचिव मनमोहन मैनाली ने चंपावत जिले की ग्राम पंचायत तामली में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।
- देहरादून में 20वां नाबोत्सव का समापन। उत्तराखंड ने किया शानदार प्रदर्शन।
- और, केंद्र सरकार द्वारा संचालित "आपकी पूंजी आपका अधिकार" अभियान के तहत कल पौड़ी के कोटद्वार में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन।

..................................................

एबीवीपी अधिवेशन सम्पन्न

देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का तीन दिवसीय 71वां राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन हो गया है। अधिवेशन के अंतिम दिन समाज, शिक्षा, पर्यावरण और सुरक्षा सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन के बाद प्रस्ताव पारित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यशवंत राव केलकर युवा पुरस्कार से गोरखपुर के श्रीकृष्ण पांडेय को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि श्री पांडेय ने 'बाल भिक्षावृत्ति निर्मूलन', 'निस्सहाय मनोरोगियों की सेवा' और 'कारागार बंदियों के पुनर्वास' की दिशा में कार्य करते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मंच से निकलने वाले विचार और संकल्प राष्ट्र निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे और देश के विकास और सामाजिक प्रगति को नई दिशा प्रदान करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में परिषद की संगठनात्मक संरचना के अनुसार देशभर के 46 प्रांतों और मित्र राष्ट्र नेपाल से पंद्रह सौ से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

..................................................

सचिव दौरा

मुख्यमंत्री कार्यालय के अपर सचिव मनमोहन मैनाली ने चंपावत विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने ग्राम पंचायत तामली में रात्रि विश्राम कर ग्रामीण चौपाल का आयोजन किया और सीधे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। चौपाल में ग्रामीणों ने कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। इनमें पेयजल और सोलर हैंडपंप की मरम्मत, जंगली जानवरों से बचाव के लिए चैनलिंक फेंसिंग, रायल से टनकपुर–जौलजीवी मोटरमार्ग तक लगभग छह किलोमीटर सड़क का निर्माण शामिल था। इसके अतिरिक्त, ग्रामीणों ने जन औषधि केंद्र, 108 एम्बुलेंस सुविधा और जन सेवा केंद्र स्थापित करने की भी मांग की।

अपर सचिव ने ग्रामीणों की सभी मांगों पर संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को पेयजल व्यवस्था की तत्काल मरम्मत करने और अन्य आवश्यक विकास प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने चम्पावत के खंड विकास अधिकारी को प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त नौलों, पेयजल योजनाओं, सीसी मार्गों और सार्वजनिक ढांचों के पुनर्निर्माण व मरम्मत के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान सभी ने प्रशासन की इस पहल को सराहनीय बताया और उम्मीद जताई कि इससे ग्रामीण समस्याओं के समाधान में तेजी आएगी।

.....................................................................

गन्ना मूल्य

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उम्मीद जताई है कि गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी के सरकार के फ़ैसले से राज्य में गन्ना उत्पादन में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता किसानों का कल्याण करना है। इसी उद्देश्य से सरकार हर वर्ष गन्ना मूल्य में बढ़ोतरी कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने पेराई सत्र 2025–26 के लिए राज्य परामर्शित गन्ना मूल्य बढ़ाने को मंजूरी दे दी है। सरकार का कहना है कि इसका उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और उनके आर्थिक सशक्तीकरण को गति देना है।

.....................................................................

नबोत्सव समापन

देहरादून में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक– नाबार्ड के अखिल भारतीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव नाबोत्सव का 20वां संस्करण संपन्न हुआ। उत्तराखंड क्षेत्रीय कार्यालय की प्रमुख उपलब्धियों में मेजबान राज्य उत्तराखंड ने शानदार प्रदर्शन किया। टेबल टेनिस पुरुष एकल में पंकज यादव ने पहला स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन महिला एकल पूजा कश्यप ने पहला स्थान प्राप्त कर मेजबान टीम को गौरवान्वित किया। बैडमिंटन मिश्रित युगल में उत्तराखंड के वीरेश और पूजा कश्यप की जोड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट तालमेल का प्रदर्शन किया। चार दिवसीय इस आयोजन में देशभर की नाबार्ड टीमों ने खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे आपसी सौहार्द और टीम भावना को बढ़ावा मिला।

.....................................................................

जागरुकता सहायता शिविर

केंद्र सरकार द्वारा संचालित "आपकी पूंजी आपका अधिकार" अभियान के तहत कल पौड़ी के कोटद्वार में जिला स्तर पर एक विशेष जागरूकता व सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। लीड बैंक अधिकारी मीनाक्षी शुक्ला ने बताया शिविर में बैंक खाताधारकों को उनके खातों से जुड़ी निष्क्रिय, निष्प्रयुक्त या अनधियाचित वित्तीय सम्पत्ति को वापस प्राप्त करने के लिए विस्तार से जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा खाताधारकों के लंबित दावों का निस्तारण करने के साथ ही रुपए जमा न होने या निष्क्रिय खातों के पुनर्सक्रियन की प्रक्रिया भी समझायी जाएगी। उन्होंने बताया कि शिविर में आधार, पैन, योग्यता से जुड़े आवश्यक दस्तावेज और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

उन्होंने जिले के सभी संबंधित खाताधारकों और नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएं।

……………………………………………………

जीएसटी सुधार

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितम्बर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हुआ है। इस श्रृंखला में पेश है देश के कपड़ा क्षेत्र को मज़बूत बनाने में जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर एक रिपोर्ट–

……………………………………………………

पुस्तक विमोचन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उत्तराखंड राज्य गठन के 25 वर्षों की विकास यात्रा, उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं को समर्पित एक पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक उत्तराखंड की प्रगति का उत्कृष्ट दस्तावेज़ है, जो नीति–निर्माताओं और शोधकर्ताओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। उन्होंने बताया कि राज्य ने 25 वर्षों में एसडीसी रैंकिंग में पहला स्थान, ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस और स्टार्टअप रैंकिंग में अचीवर्स श्रेणी तथा किसानों की आय वृद्धि में देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य बनने से लेकर पर्यटन, लॉजिस्टिक्स और मत्स्य विकास तक उत्तराखंड कई क्षेत्रों में नई पहचान स्थापित कर रहा है। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र और भारतीय लोक प्रशासन संस्थान द्वारा प्रकाशित इस पुस्तक में राज्य के 25 साल के अनुभव, चुनौतियों, उपलब्धियों और आने वाले 25 वर्षों की संभावनाओं पर गहन विश्लेषण शामिल है। शासन, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण, आपदा–प्रबंधन, शिक्षा, स्वास्थ्य, पलायन, कृषि और महिला सशक्तीकरण जैसे विषयों पर 31 लेखकों ने 28 महत्वपूर्ण लेख लिखे हैं।

……………………………………………………

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–

- देहरादून में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 71वें राष्ट्रीय अधिवेशन में पांच प्रस्ताव पारित।
- अपर सचिव मनमोहन मैनाली ने चंपावत जिले की ग्राम पंचायत तामली में रात्रि चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।
- देहरादून में 20वां नाबोत्सव का समापन। उत्तराखंड ने किया शानदार प्रदर्शन।
- और, केंद्र सरकार द्वारा संचालित "आपकी पूंजी आपका अधिकार" अभियान के तहत कल पौड़ी के कोटद्वार में विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन।

……………………………………………………